# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–31 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ आज धूमधाम से मनाई जा रही है। परंपरागत विधियों से राम मंदिर परिसर में यज्ञ, हवन और पूजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज श्री राम मंदिर परिसर के भीतर स्थित माता अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वाजरोहण उसी तकनीक से की गई, जिस तकनीक से श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजा स्थापित हुई थी। अन्नपूर्णा मंदिर राम मंदिर परिसर के सात मंदिरों में से एक है। इस मौके पर रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने धार्मिक अनुष्ठानों में भी सहभागिता की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन दुनिया के सबसे महान आंदोलनों में से एक है।

***हमारी आखों ने वह दृश्य देखा, हमारे बच्चों ने वह दृश्य देखा, भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का वह दृश्य कितना सुन्दर था। हमारी आने वाली पीढ़ियां हमारी आखों में झांक कर वह दृश्य देखेगी और खुद को वह भाग्यशाली समझेगी। राम मंदिर आन्दोलन दुनिया के सबसे ग्रैण्ड नेरेटिव में से एक है। मैं इसको ग्रैण्ड नेरेटिव इसलिये कहा रहा हूं क्योंकि भूगोल, जॉगर्फी और टाइम, भूगोल और समय दोनों के हिसाब से राम मंदिर आन्दोलन दुनिया का सबसे बड़ा आन्दोलन रहा है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच अगस्त दो हजार बीस का भूमि पूजन और बाईस जनवरी–दो हजार चौबीस की प्राण प्रतिष्ठा भारत की सनातन चेतना के ऐतिहासिक क्षण हैं, और बीते पांच वर्षों में पैंतालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का अयोध्या आगमन इस आस्था का प्रमाण है।

***बाइस जनवरी–2024 को और हिन्दू पंचांग के अनुसार कहें तो पौष शुक्ल द्वादशी की वह पवित्र तिथि जब स्वयं आदरणीय प्रधानमंत्री जी अयोध्या धाम पधारे और उन्होंने श्रीरामलला के भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को अपने कर–कमलों से सम्पन्न किया।***

इससे पहले अयोध्या पहुंचने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन भी किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आज अयोध्या में मनाई जा रही राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इसको आस्था और परंपरा का एक दिव्य उत्सव बताया। प्रधानमंत्री ने देश–विदेश में फैले राम भक्तों की ओर से भगवान श्री राम को नमन किया।

**********

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि इस वर्ष सरकार ने कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं, जो विकसित भारत 2047 की दिशा में देश की राष्ट्रीय यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ते हैं। नई दिल्ली में भारत 2026 कैलेंडर लॉन्च करते हुए उन्होंने कहा कि ये सुधार समावेशी विकास सुनिश्चित करने, आर्थिक स्थिरता बढ़ाने और देश के दीर्घकालिक विकास के लिए एक स्थायी आधार तैयार करने के स्पष्ट उद्देश्य से प्रेरित हैं।

***इस वर्ष के कैलेंडर का विषय "भारत 2026" है, ये हमारे माननीय प्रधानमंत्री के सेवा, सुशान और समृद्धि भारत के आत्मविश्वास से भरे क्षण के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह एक ऐसे राष्ट्र को दर्शाता है जो अपनी पहचान में सुरक्षित अपनी संस्थाओं में मजबूत, और अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण में स्पष्ट है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2025 भारत के लिए सुधारों के वर्ष के रूप में याद किया जाएगा। इस वर्ष विभिन्न सेक्टर में महत्वपूर्ण बदलाव हुए जिनसे देश की विकास यात्रा को गति मिली। सोशल मीडिया पर साझा लेख में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने संस्थाओं को आधुनिक बनाया, शासन को सरल और सुगम बनाया तथा समावेशी विकास की नींव मजबूत की। श्री मोदी ने कहा कि श्रम कानूनों और व्यापार समझौतों से लेकर साजो–सामान, ऊर्जा और बाजार सुधारों तक भारत की विकास यात्रा विश्वसनीयता, स्थायित्व और भरोसे पर निर्मित रही है। श्री मोदी ने कहा कि इन कदमों से 2047 तक विकसित भारत के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। कल तक तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि भागीदारी का व्यापक स्तर परीक्षा पे चर्चा को एक सच्चा जन आंदोलन साबित करता है। देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया है, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

**********

पूरे प्रदेश में घने कोहरे और ठंड का कहर जारी है। कोहरे के कारण हवाई और रेल सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। मौसम विभाग ने पूर्वी जनपदों में घने कोहरे की संभावना जताई है। विभाग ने एक जनवरी को पश्चिमी जिलों में कही–कहीं पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

**********